# SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN P.U. COLLEGE
## J.C. ROAD, BANGALORE - 560 027

### MOCK PAPER - 1

## Sub : II PUC, HINDI

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **कुल अंक : 100**

**सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।**
**2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।**

**I. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **6 x 1 = 6**

1. कानूनगो इलाके में आते तो किसके चौपाल में ठहरते ?
2. पिताजी का आग्रह क्या था ?
3. किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी ?
4. मेम साहब को क्या पसंद आये थे ?
5. बड़े साहब की लड़की क्या सीखती है ?
6. पुस्तकालय से बाहर निकलते समय अलार्म क्या जताता है ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **3 x 3 = 9**

7. धर्म-पालन करने के मार्ग में क्या-क्या अड़चन आते हैं ?
8. मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए ।
9. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?
10. नरक में निवास-स्थान की समस्या कैसे हल हुई ?
11. 'तोदायजी मंदिर' का वर्णन कीजिए ।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** **4 x 1= 4**

12. 'आधी रोटी खाओ भगवान का भजन करो और पड़े रहो ।'
13. 'हमारे आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब ?'
14. 'जब से बीमारी से उठी हूँ नाक ने साँस नहीं ले सकती ।'
15. 'आप साधु हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती ।'

**2 x 3 = 6**

**आ) निम्नलिखित में से किन्दी दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

16. 'इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे उसके अनुसार हम करें ।'
17. 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं ।'
18. 'चूड़ियाँ कहाँ से लाऊँ बेटा, तुम तो जानते हो, सब ज़ेवर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए ।'
19. 'इन पाँच दिनों में मैंने सारा ब्रह्माण्ड छान डाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला ।'

**III.** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **6 x 1 = 6**

20. रहीम जी ने मनुष्य की प्रतिष्ठा के संबंध में क्या कहा है ?
21. पातक राजा और रोग किसे दबाते हैं ?
22. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?
23. वृक्ष की पगड़ी कैसी है ?
24. पितरों का तर्पण किस भूमि में होता है ?
25. पीड़ित व्यक्ति को किस प्रकार चलना चाहिए ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **2 x 3 = 6**

26. रहीम जी ने मनुष्य की प्रतिष्ठा के संबंध में क्या कहा है ?
27. 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं ?
28. 'मानव' ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है ?
29. कवि दुष्यंत कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए ।** **2 x 4 = 8**

30. धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय ।
    उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय ।।

    **अथवा**

    जपमाला छापा तिलक, सरै न एकौ कामु ।
    मन-काँचे नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु ।।

31. पुराने चमड़े का बना उसका शरीर
    वही सख्त जान
    झुर्रियोंदार खुरदुरा तना मैलाकुचैला
    राइफिल-सी एक सूखी डाल

    **अथवा**

    परम पुनीत नीर कावेरी मस्तक घर कर्नाटक में ।
    पम्प महाकवि के दर्शन, कर लो चलकर कर्नाटक में ।।
    बसवेश्वर या अक्कामहादेवी कर्नाटक में गाते ।
    रामानुज आचार्य 'मेलकोटे' में दर्शन दे जाते ।।

**IV.** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

32. नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए ?
33. बरगद का पेड़ किन लोगों ने उखाड़ दिया ?
34. दादा जी किसके हक में हैं ?
35. ब्रह्म का निवास कहाँ होता है ?
36. भारवि के अनुसार क्या जघन्य पाप है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

37. दादाजी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा ?

**अथवा**

बेला ने भावावेश में रूँधे हुए कंठ से दादाजी से क्या कहा ?

38. भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होने वाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए ।

**अथवा**

सुशीला के अनुरोध पर श्रीधर ने भारवि को कहाँ-कहाँ और कैसे तलाश करने का वचन दिया ?

***V.*** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए** **4 x 1 = 4**

39. i. मैं आप पर इज्जत करता हूँ ।
    ii. सुमन माधव का पुत्री है ।
    iii बाज़ार गए हैं पिताजी ।
    iv. हम तीन भाई हूँ ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए ।** **4 x 1 = 4**

**(ने, को, में, के, की)**

40. i. कलावती बच्चों ...... पढ़ा रही है ।
    ii. नाव नदी ...... डूब गई ।
    iii. माँ .... बेटे को समझाया ।
    iv. वे साहित्य और दर्शन .....विद्वान थे ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3 x 1 = 3**

41. i. सिद्धार्थ कुछ अपूर्व अनुपम लाते हैं । (भूतकाल में बदलिए)
    ii. निमोनिया के कारण रोगी मर जाएगा । (वर्तमान में बदलिए)
    iii. माली पौधों को पानी दे रहा है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

42.

| | |
|---|---|
| 1. छक्के छुड़ाना | 1. सफल न होना । |
| 2. गुलछर्रे उड़ाना | 2. हँसी उड़ाना । |
| 3. खिल्ली उड़ाना | 3. बुरी तरह हराना । |
| 4. दाल न गलना | 4. मौज मस्ती करना । |

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **3 x 1 = 3**

43. i. नाती, ii. साला, iii. शूद्र

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **3 x 1 = 3**

44. i. हाथ से लिखा हुआ ।
    ii. जो धर्म का काम करे ।
    iii. जानने की इच्छा रखने वाला ।

2 x 1 = 2

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए :**

45. i. ज्ञात  ii. मूर्ति

**ए) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए :** 2 x 1 = 2

46. i. चायवाला  ii. साहित्यकार

***VI.*** **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** 1 x 5 = 5

47. i. इंटरनेट की दुनिया ।
 ii. स्त्री शिक्षा की आवश्यकता ।
 iii. मेरा जीवन लक्ष्य ।

**अथवा**

समाज में बढ़ती हुई असुरक्षा के संबंध में अपने विचार प्रकट करते हुए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

5 x 1 = 5

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

दिलवाड़े में कई जैन मंदिर है । इनमें दो मुख्य हैं - एक नेमिनाथ जी का तथा दूसरा आदिनाथ जी का । नेमिनाथ जी का मंदिर एक विशाल चबूतरे पर बना हुआ है । मंदिर बाहर से देखने पर तो इतना आकर्षक नहीं लगा, पर अंदर जाकर तो हम चकित रह गए । मंदिर के वातावरण में अपूर्व शान्ति थी । भगवान नेमिनाथ जी की सोने की मूर्ति जगमगा रही थी । नेमिनाथ जी के मंदिर के पास ही प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जी का मंदिर है । इसे तेजपाल और वस्तुपाल नामक दो भाइयों ने सन् 1230 ई. के आस-पास बनवाया था । सारा मंदिर संगमरमर का बना हुआ है । मंदिर के मुख्य भाग में संगमरमर की कलाकृतियों पर जहाँ-तहाँ सोने के पानी से नक्काशी की गई है ।

**प्रश्न :**

क. दिलवाड़े के जैन मंदिर में दो मुख्य मंदिर कौन-कौन से है ?

ख. लेखक किस मंदिर के अंदर जाकर चकित हो गया ?

ग. सोने की मूर्ति किस मंदिर में है ?

घ. तेजपाल और वस्तुपाल ने किस मंदिर का निर्माण करवाया तथा कब ?

ङ. संगमरमर की कलाकृतियाँ किस मंदिर में हैं ?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।** 5 x 1 = 5

1. Schools are the foundation of learning.
2. He spent the whole day talking to me yesterday.
3. He is going to leave college in the month of June.
4. The problem of unemployment is increasing day by day.
5. This rumour cannot be believed.

* * *

# SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN P.U. COLLEGE
## J.C. ROAD, BANGALORE - 560 027

**MOCK PAPER - 2**

## Sub : II PUC, HINDI

समय : 3 घंटे 15 मिनट | कुल अंक : 100

**सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।**
**2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।**

**I. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** 6 x 1 = 6

1. कौन द्वार पर आकर चिल्लाने लगा ?
2. लेखिका की बड़ी बहन का नाम लिखिए ।
3. विश्वेश्वरय्या ने किस बाँध के लिए आटोमैटिक गेटों का डिज़ाइन किया ?
4. किसने पार्टी में नया रंग भर दिया था ?
5. भोलाराम किस शहर का निवासी था ?
6. जापान का गुणधर्म क्या है ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** 3 x 3 = 9

7. सुजान भगत अपना खोया हुआ अधिकार फिर कैसे प्राप्त करता है ?
8. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?
9. हैदराबाद नवाब के सामने कौन-सी मुसीबत थी ? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया ?
10. भोलाराम का परिचय दीजिए ।
11. जापान में हिंदी के प्रभाव-प्रसाद पर टिप्पणी लिखिए ।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** 4 x 1= 4

12. 'दिन भर एक न एक खुचड़ निकालते रहते हैं ।'
13. 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना ।'
14. 'वह ज़रूर बना देंगी । आप उसे देखकर खुश होंगे ।'
15. 'महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी ।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्दी दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** 2 x 3 = 6

16. 'अच्छा, तुम्हारे सामने यह ढेर है । इसमें से जितना अनाज उठाकर ले जा सको, ले जाओ ।'
17. 'सेवाहि परमो धर्म' के स्थान पर लोग 'मेवाहि परमो धर्म' कहने लगे हैं ।'
18. 'ओ अम्मी ! तुमने तो आज रंग ला दिया ।'
19. 'पेंशन का ऑर्डर आ गया ?'

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **6 x 1 = 6**

20. कर्म का फल देनेवाला कौन है ?
21. प्रेमी चित्र कब उजला होता है ?
22. मेघ में किस चीज़ की चाह होनी चाहिए ?
23. कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधिक अपावन कहा है ?
24. देश को किससे बचाना है ?
25. इन्द्रपुरी किसके सामने पानी भरती है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **2 x 3 = 6**

26. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार है ?
27. कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं ?
28. कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के संबंध में 'मानव' के क्या उद्‌गार हैं ?
29. पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार ने किस प्रकार व्यक्त किया है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए ।** **2 x 4 = 8**

30. अब कैसे छूटै राम रट लागी ।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी ।
प्रभु जी तुम धन बन, हम मोरा
जैसे चितवत चंद चकोरा ।

**अथवा**

ऊधौ हम आजु भई बड़-भागी ।
जिन आँखियन तुम स्याम बिलोके, ते आँखियाँ हम लागीं ।
जैसे सुमन-बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसै, अंग-अंग सुख रागी ।
ज्यों दरपन मैं दरस देखियत, दृष्टि परम रुचि लागी ।
तैसैं सूर मिले हरि हमकौं, बिरह-बिथा तन त्यागी ।।

31. क्या अमरों का लोक मिलेगा ?
तेरी करुणा का उपहार ?
रहने दो देव है देव ! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार !

**अथवा**

ताकि दिखाई दो सुंदर, बहुत ही सुंदर - यो कहती हो
सुंदर लगे किसको, कहो माँ ?
देखने वालों को लगता है सुंदर, देता है आनंद ;
मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन !

**IV.** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

32. व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है ?

33. बरगद के पेड़ की कहानी किनका निर्माण करती हैं ?

34. पुत्र को कब निर्वासित किया जा सकता है ?

35. अहंकार किसमें बाधक है ?

36. मूलराज के मँझले बेटे का नाम लिखिए ।

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

37. इन्दू को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया ?

**अथवा**

दादाजी की क्या आकांक्षा थी ?

38. शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

**अथवा**

'अहंकार उन्नति में बाधक है ।' एकांकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

**V.** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए** **4 x 1 = 4**

39. i. यह एक इतिहासिक घटना है ।

ii. मोहन एक टाँग का लड़का है ।

iii उन दोनों का घोर सम्बन्ध है ।

iv. वह पैदल से गया ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए ।** **4 x 1 = 4**

**(समाज, भला, विज्ञान, पावन)**

40. i. आप ...... तो जग भला ।

ii. साहित्य ...... का दर्पण है ।

iii. वह सरस्वती देवी का .... मंदिर है ।

iv. आज का युग ..... का युग है ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3 x 1 = 3**

41. i. व्यापारी ट्रक में माल भरकर लाता है । (भूतकाल में बदलिए)

ii. राजेश ने बहुत सारी कविताएँ लिखीं । (वर्तमान में बदलिए)

iii. राहुल कुंभ मेले में जा रहा है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

42.

| | |
|---|---|
| 1. घी के दिए जलाना | 1. आरंभ करना । |
| 2. नींव डालना | 2. उपेक्षा करना । |
| 3. दिन फिरना | 3. खुशियाँ मनाना । |
| 4. मुँह फेरना | 4. भाग्य पलटना । |

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **3 x 1 = 3**

43. i. क्षत्रिय ii. गाय iii. यशस्वी

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **3 x 1 = 3**

44. i. जिस पर विश्वास न किया जा सके ।
    ii. शुरू से अंत तक ।
    iii. उपदेश देनेवाला ।

**2 x 1 = 2**

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए :**

45. i. नियम ii. राष्ट्रपति

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए :** **2 x 1 = 2**

46. i. कठिनाई ii. स्वच्छता

***VI.*** **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **1 x 5 = 5**

47. i. मेरे जीवन की अविस्मरणीय घटना ।
    ii. जीवन में अहिंसा का महत्व ।
    iii. त्योहारों का जीवन में महत्व ।

**अथवा**

'स्वच्छ-भारत अभियान' को दृष्टि में रखते हुए अपने मुहल्ले की स्वच्छता के बारे में अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखें ।

**5 x 1 = 5**

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

आज की भारतीय शिक्षित नारी को अच्छी गृहिणी के रूप में न देख पाना पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है । विवाह के बाद बदली हुई उसकी मनःस्थिति तथा परिस्थितियों की कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता । उसकी रुचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है । पुरुष यदि अपने सुख के साथ पत्नी के सुख का ध्यान रखे, तो वह अच्छी गृहिणी हो सकती है । पत्नी और पति दोनों का कर्तव्य है कि वे एक-दूसरे के कार्य में हाथ बटाएँ और एक-दूसरे की भावनाओं, इच्छाओं और रुचियों का ध्यान रखें । आखिर नारी भी तो मनुष्य है । उसकी अपनी जरूरतें भी हैं और वह भी परिवार में, पड़ोस तथा समाज में सम्मान पाना चाहती है । यदि नारी त्याग की मूर्ति है, तो पुरुष को बलिदानी होना चाहिए ।

**प्रश्न :**

क. विवाह के बाद शिक्षित नारी को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?

ख. नारी कहाँ-कहाँ सम्मान पाना चाहती है ?

ग. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

घ. सुखी वैवाहिक जीवन के लिए पत्नी और पति को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ।

ङ. 'यदि नारी त्याग की मूर्ति है, तो पुरुष को बलिदानी होना चाहिए' पंक्ति द्वारा लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है ?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।** **5 x 1 = 5**

1. Can't we live without mobile phone ?
2. Do your duty first, then ask for your rights.
3. Give my regards to your parents.
4. Bangalore is called as centre for Information Technology.
5. The security of our nation is our responsibility.

* * *